कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 10.12.2024

प्रेस विज्ञाप्ति

साइंस कॉलेज, दुर्ग में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राजनीति विज्ञान विभाग एवं रेडक्रॉस द्वारा "विश्व मानवाधिकार दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "मानवाधिकार केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। हमें इसे समझने और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है" । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजेश पांडेय, क्षेत्रीय अपर संचालक , उच्च शिक्षा विभाग ने मानवाधिकारों के महत्व, उनकी सुरक्षा, और समाज में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में समता और न्याय की भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी। अपने उद्बोधन के पश्चात प्राचार्य द्वारा मानवाधिकार एवं एड्स रोकथाम हेतु विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया । कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शकील हुसैन ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया और छात्रों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में डॉ अभिनेष सुराना, रेडक्रॉस प्रभारी प्रो प्रशांत दुबे, कार्यक्रम अधिकारी तरुण साहू, श्री मोतीराम साहू, निखिल देशलहरा, श्रीमती राधिका साहू, सुश्री अंबालिका चौहान आदि प्राध्यापक उपस्थित थे। साथ ही महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों के साथ लगभग 200 विद्यार्थियों की इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही। इस आयोजन से छात्रों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक बनाने और उन्हें अपने सामाजिक दायित्वों को समझने की प्रेरणा मिली।

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)